भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- 463**

उत्तर देने की तारीख- 06/02/2025

**प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत छात्रावासों का निर्माण**

463. श्री बालाशौरी वल्लभनेनी:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने प्रधानमंत्री-जनमन योजना के अंतर्गत 500 छात्रावासों के निर्माण और संचालन का लक्ष्य रखा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा आंध्र प्रदेश में इसके कार्यान्वयन की वर्ष-वार और जिला-वार स्थिति क्या है;

(ग) क्या उपर्युक्त योजनाओं के अंतर्गत किसी भी परियोजना की समयावधि और लागत में वृद्धि हुई है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) यदि किसी परियोजना में विलम्ब हुआ है तो उसकी वर्तमान स्थिति क्या है तथा ये परियोजनाएं कब तक पूरी हो जाएंगी?

**उत्तर**

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री
(श्री दुर्गादास उइके)

**(क) और (ख):** प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) के अंतर्गत, समग्र शिक्षा के अंतर्गत 500 छात्रावासों का निर्माण, गतिविधियों में से एक है, जिसका कार्यान्वयन शिक्षा मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है। शिक्षा मंत्रालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर्ष 2023-24 और 2024-25 के दौरान 194 छात्रावासों को अनुमोदन दिया गया है। पीएम जनमन के तहत आंध्र प्रदेश के लिए 8 छात्रावास स्वीकृत किए गए हैं, जिनका विवरण नीचे दिया गया है:

| क्र.सं. | जिला | ब्लाक | विद्यालय का संलग्न नाम | यूडीआईएसई सं. | वर्ष | क्षमता |
|---|---|---|---|---|---|---|

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीकाकुलम | पथपट्टनम | एमपीपीएस कोडुरु | 28112503401 | 2023-24 | 50 |
| 2 | | हीरामंडलम | एमपीपीएस सीधी | 28111603601 | 2023-24 | 50 |
| 3 | नंदयाला | नंदयाला | यूपीपीएस स्कूल | 28211100206 | 2023-24 | 50 |
| 4 | | वेलगेडे | जीपीएस जनजातीय कल्याण | 28211300524 | 2023-24 | 100 |
| 5 | नांदयाल | आत्मकुर | राजकीय प्राथमिक विद्यालय, बेयरलुटी गुडेम | 28211101201 | 2024-25 | 50 |
| 6 | श्रीकाकुलम | मंदासा | एमपीयूपीएस किलोयी | 28113302003 | 2024-25 | 50 |
| 7 | मन्याम | सीथमपेटा | जीपीएस गुड्डीमीडागुडा | 28111310603 | 2024-25 | 50 |
| 8 | | | एमपीपीएस जालुबुगुड़ा | 28111301101 | 2024-25 | 50 |

**(ग) से (ङ):** यह अभियान 31.3.2026 को समाप्त होने वाली अवधि तक है। आज तक, संबंधित मंत्रालय/विभाग द्वारा पीएम जनमन के कार्यान्वयन में कोई देरी या लागत में वृद्धि इस मंत्रालय के संज्ञान में नहीं लाई गई है।

****